सार-समाचार

स्कूल शतरंज में तनिष्का अव्वल

जालोर, (कासं)। आसाम के गुवाहाटी में आयोजित 14 वी नेशनल स्कूल शतरंज चैंपियनशिप प्रतियोगिता में तनिष्का भण्डारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री नंदिता गोरलोसा द्वारा किया गया। अंडर-7 गर्ल्स वर्ग में तनिष्का भंडारी पुत्री हितेश नारायण भंडारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने जालोर, मुंबई का प्रतिनिधित्व किया। तनिष्का भंडारी ने 14वीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-7 बालिका वर्ग का खिताब जीता। उभरती हुई शतरंज प्रतिभा तनिष्का भंडारी ने 14वीं राष्ट्रीय स्कूल शतरंज चैंपियनशिप में अंडर-7 बालिका वर्ग का खिताब जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से श्रेष्ठ युवा खिलाडियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट के दौरान तनिष्का ने अपनी उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता, रणनीतिक समझ और एकाग्रता का परिचय दिया। उन्होंने 8 जीत और 1 ड्रॉ के साथ 9 में से 8.5 अंक अर्जित करते हुए पूरे टूर्नामेंट में अपराजित रहते हुए दबाव भरे मुकाबलों में भी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह जीत तनिष्का भंडारी के शतरंज करियर की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो उनकी कडी मेहनत, समर्पण और खेल के प्रति जुनून को दर्शाती है। इस सफलता में उनके कोच और परिवार का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस राष्ट्रीय विजय के साथ तनिष्का ने भारतीय शतरंज में एक होनहार प्रतिभा के रूप में अपनी पहचान बनाई है और भविष्य की सफलताओं के लिए मजबूत नींव रखी है।

बस कंडक्टर की सीट के नीचे से माल पार

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर के एक व्यक्ति का बैग रोडवेज बस से पार हो गया। बैग बस कंडक्टर की सीट के नीचे रखा था।बैग में 15 तोला सोने के आभूषण और ढाई लाख की नगदी बताई जाती है। घटना कुछ रोज पहले की है, अब पुलिस में मामला दर्ज हुआ है। फिलहाल पुलिस प्रकरण की जांच में जुटी है। पीड़ित ने इस बारे में उदयमंदिर थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने बताया कि पीएफ कार्यालय के सामने आए शंकर नगर ए-98 में रहने वाले मनसुख ओझा कुछ दिन पहले फलोदी से जोधपुर बस द्वारा रहे थे। बस में कंडक्टर सीट के नीचे अपना एक बैग रखा था। बस जब जोधपुर राइका बाग स्टेण्ड पर पहुंची तब उन्होंने बैग संभाला वह नहीं मिला। बस में भी तलाश किया मगर वह नहीं मिल पाया। बस से काफी यात्री उतर कर जा चुके थे। रिपोर्ट के अनुसार बैग में 15 तोला सोने के आभूषण के साथ तकरीबन ढाई लाख रूपए थे। मामला दिसंबर का है। मगर पुलिस अपने पेंडेंसी निपटाने के चक्कर में रही और केस दर्ज नहीं किया। साल अंत तक भी एक दो प्रकरण ही पुलिस ने दर्ज किए थे। उक्त प्रकरण अब पुलिस ने दर्ज किया है। हालांकि शिकायत लेकर जांच आरंभ कर दी गई थी, मगर खुलासा अब तक नहीं हो पाया है।

नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को शुभकामना

जालोर, (कासं)। जालोर एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री मनोहर राणा ने शुक्रवार को जयपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर संगठन के नवनियुक्त मोर्चा अध्यक्षों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड से शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की। मनोहर राणा ने ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र कुमावत, युवा मोर्चा अध्यक्ष शंकर गोरा तथा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष हामिद मेवाती से भी मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभेच्छाएं प्रेषित कीं। मुलाकात के दौरान संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा समाज के विभिन्न वर्गों को साथ लेकर चलने पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मनोहर राणा ने जनजाति वर्ग के समुदाय से जुडी विभिन्न मांगों और समस्याओं से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठोड को अवगत करवाया। साथ ही क्षेत्र के आस्था के प्रमुख केंद्र पाबुजी मंदिर के विकास को लेकर विशेष चर्चा की गई और इसके समग्र विकास की आवश्यकता पर जोर दिया गया। भेंट के समय पाबुजी मंदिर अध्यक्ष राजाराम, महामंत्री रमेश कुमार सहित जनजाति वर्ग के अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने संगठन से जनजाति समाज के हितों को प्राथमिकता देने की अपेक्षा जताई। मनोहर राणा ने विश्वास दिलाया कि भाजपा संगठन जनजाति समाज के विकास और धार्मिक स्थलों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करता रहेंगा।

मानसिक रूप से बीमार पहुंचा जान देने

जोधपुर, (कासं)। शहर के प्राचीन जलाशय कायलाना में शुक्रवार की सुबह एक मानसिक बीमार युवक आत्महत्या के इरादे से पहुंचा। उसने पानी में छलांग लगाने का प्रयास किया। सचेत गोताखोरों ने उसे तत्काल पकड़ लिया। युवक को जान देने से बचा लिया गया। युवक फलोदी का रहने वाला है। बाद में उसके परिजन को सूचना देकर बुलाया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह 11 बजे एक इमरान नाम का एक शख्स कायलाना पर जान देने के इरादे से पहुंचा। उसने पानी में कूद कर अपनी जान देने की कोशिश की थी। इस पर कायलाना चौकी के कांस्टेबल दिनेश सोढा ने गोताखोरों को सूचना दी। बाद में गोताखोर भरत चौधरी, अर्जुन, कानाराम, किशन आए उसे पानी में छलांग लगाते पीछे से पकड़ लिया। युवक को सुरक्षित कर लिया गया। युवक फलोदी के इशरू का रहने वाला इमरान पुत्र बाबू खां है और उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं बताई जाती है। परिजन को सूचना देकर बुलाया गया है।

सदाचार समिति की जांच जारी : गर्ग

जोधपुर, (कासं)। विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने आज जोधपुर दौरे पर रहे। उन्होंने जोधपुर दौरे के समय सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने एक समाचार पत्र द्वारा किए गए तीन विधायकों के स्टिंग ऑपरेशन से जुड़े मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी। गर्ग ने बताया कि स्टिंग ऑपरेशन में सामने आए आरोपों को लेकर सदाचार समिति द्वारा जांच की जा रही है और समिति ने इस मामले से जुड़े आवश्यक तथ्य एवं वीडियो साक्ष्य जुटा लिए हैं। उन्होंने कहा कि मामला सामने आते ही उन्होंने स्वयं विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की थी, जिसके बाद यह मामला सदाचार समिति को सौंप दिया गया। सदाचार समिति वर्तमान में सामने आए वीडियो और तथ्यों की गहन पड़ताल कर रही है। गर्ग ने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने और सच सामने आने के बाद नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

बाण माताजी के दर्शन किए

रेवदर, (निसं)। रेवदर के निकट मगरीवाडा स्थित श्री बाण माताजी मंदिर में आज स्पोर्ट्स डेवलपमेंट प्रोमोशन फेडरेशन ऑफ इंडिया के राजस्थान टीम इंचार्ज एवं सिरोही जिला सचिव भरत कोली (निवासी रेवदर) ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला अध्यक्ष केकेसी कांग्रेस रामाराम कोली से भी खेल विकास एवं युवाओं की भागीदारी को लेकर चर्चा की। माताजी का आशीर्वाद लेने के पश्चात भरत कोली राजस्थान कबड्डी टीम के साथ दिल्ली के लिए रवाना हुए, जहां टीम आगामी प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेगी। प्रस्थान के समय ग्रामवासियों ने विजय भव की शुभकामनाएं देते हुए टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर युवा साथी भीमाराम, देवाराम, गणेश कुमार, प्रकाश कुमार, सुरेश कुमार, राजूराम, रामाराम, कानाराम, हेमाराम, चन्दुलाल एवं सोमाराम सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सर्दी व कोहरे के आगोश में रहा पाली

पाली, (नि.सं.)। पिछले दो दिन से पाली जिले और शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है गुरुवार रात्रि को हुई बारिश के बाद शुक्रवार सुबह से ही सड़कों पर कोहरा छाया हुआ था शहर की सड़क सुनसान रही वाहन चालक लाइट लगाकर वाहन चला रहे थे सभी शहारवासी दिन पर गर्म कपड़ों और कंबल में लिपटे नजर आए बाजार भी करीब 11:00 बाद खुले, ऐसे में गर्म चाय गरम दूध गम नमकीन का लुफ्त उठाया फिर शाम वापस 5:00 बजते ही ठंडी हवाएं चलने लगी तापक्रम भी करीब 5 डिग्री के आसपास पहुंच गया, मौसम विभाग के अनुसार अभी सर्दी का सितम जारी रहेगा।

जल भराव की समस्या का समाधान मांगा

रेवदर, (निसं)। रेवदर कस्बे के मंडार हाइवे रोड पर भारती हॉस्पिटल के सामने स्थित शान्ति नगर कॉलोनीवासियो व दुकानदारों ने बरसात में रोड पर, दुकानों के आगे व दुकानों के पीछे स्थित शान्ति नगर कॉलोनी में जल भराव की समस्या के समाधान हेतु स्थानीय विधायक मोती राम कोली से मिलकर ईस गंभीर समस्या से अवगत करवाकर ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि यह जल भराव की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। जिससे बरसात के मौसम में हाइवे पर गुजरने वाले वाहनचालकों, राहगीरों, दुकानदारों तथा कॉलोनीवासियो को भारी समस्या का सामना करना पडता है। कॉलोनी में घरो के आगे पानी भरने के कारण आवागमन मुश्किल हो जाता है। शान्ति नगर कॉलोनी निवासी शान्ति लाल घांची ने बताया कि लगातार ज्यादा बारिश होने पर घरो में भी पानी भर जाता है।

जेडीए ने धुलाई, रंगाई व छपाई की अवैध फैक्ट्रियां ध्वस्त की

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी के निर्देशानुसार प्राधिकरण के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा शुक्रवार को ग्राम भाण्डुकलां में लगभग 35 बीघा कृषि भूमि पर अवैध रूप से संचालित धुलाई, रंगाई व छपाई की फैक्ट्रियों को ध्वस्त की गई।

अवैध निर्माणों, अतिक्रमणों, सड़क मार्गाधिकार के अतिक्रमणों, अवैध कॉलोनियों, फैक्ट्रियों इत्यादि पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। प्राधिकरण सचिव चंचल वर्मा के आदेशानुसार धुलाई, रंगाई व छपाई की अवैध फैक्ट्रियों पर सघन कार्यवाही करने हेतु प्रभारी अधिकारी उपायुक्त जोन-03 रामजी भाई कलबी, उपायुक्त जोन-06 दिनेश कुमार मीणा, तहसीलदार जोन-03 डॉ. हंसराज राठौड एवं तहसीलदार जोन-06 अजीतपाल सिंह यादव के निर्देशन में प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दलों का गठन किया गया। प्राधिकरण के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के गठित दलों मय जेडीए दस्ते द्वारा शुक्रवार को जोनवार ग्राम भाण्डुकलां के ख.सं. 149/1 व 149/2 का मौका निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व मुख्य नियंत्रक विनीता एवं प्रभारी अधिकारी के निर्देशन में गठित दलों मय जेडीए दस्ते द्वारा लगभग 35 बीघा में कृषि भूमि पर बिना भू-उपयोग परिवर्तन करवाये एवं बिना प्राधिकरण की सक्षम स्वीकृति के अवैध रूप से संचालित विभिन्न धुलाई, रंगाई व छपाई की ईकाईयों को जेसीबी की सहायता से ध्वस्त किया गया। कार्यवाही के दौरान प्रवर्तन अधिकारी प्रवीण गहलोत एवं जोगेन्द्र सिंह चैधरी, सहा. पुलिस आयुक्त एवं थानाधिकारी बोरानाडा थाना, भू-अभिलेख निरीक्षक पृथ्वीदान, जीवनसिंह, ललितसिंह अखावत, सुरेश विश्नोई, लक्ष्मी उपाध्याय, प्रवर्तन निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, योगेश गहलोत, पटवारी राकेश चैधरी, विकास धायल, भजनलाल व महेश शेखावत, कनिष्ठ अभियन्ता मय पुलिस लाईन जाब्ता मौजूद रहे।

नवीन ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाईल मार्केट नगर योजना की लॉटरी आज

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चैधरी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा शनिवार को दोपहर 12 बजे मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर (एमआईसी) में जेडीए की नवीन ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल मार्केट नगर योजना मोगड़ा पाली रोड की लॉटरी का आयोजन रखा गया है। प्राधिकरण की इस नवीन योजना की लॉटरी कार्यक्रम में सम्मिलित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, विशिष्टजन एवं आमजन के सम्मुख कम्प्यूटर के माध्यम से निकाली जाएगी।

प्राधिकरण सचिव चंचल वर्मा ने बताया कि ट्रांसपोर्ट एवं ऑटोमोबाइल मार्केट नगर योजना मोगड़ा पाली रोड के लॉटरी योग्य 1426 भूखण्ड़ो ं हेतु 1262 आवेदको ं के आवेदन पत्र कम्प्यूटराईज लॉटरी प्रणाली में शामिल करने योग्य पाए गए।

उपायुक्त जोन-02 मुकेश बारेठ ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा आवंटन योग्य सामान्य भूखण्ड़ 1426 मे ं ट्रांसपोर्ट नगर हेतु कुल 607 भूखण्ड, ऑटोमोबाइल नगर हेतु कुल 504 भूखण्ड एवं इनफोर्मल मार्केट हेतु कुल 315 भूखण्ड प्रस्तावित है। आवेदकों द्वारा लॉटरी के पश्चात सफल आवंटियों की सूची जेडीए की वेबसाईट पर ऑनलाईन देखी जा सकती है।

शादी बुकिंग राशि लौटाने का आदेश

जोधपुर, (कासं)। राज्य उपभोक्ता आयोग जोधपुर के द्वारा श्री शनिचर थान ट्रस्ट द्वारा प्रस्तुत अपील को आयोग ने अस्वीकार करते हुए बुकिंग राशि उपभोक्ता श्रीमती सुनीता शर्मा को देने के आदेश पारित किए हैं।

आयोग के सदस्य न्यायिक निर्मल सिंह मेड़तवाल एवं सदस्य लियाकत अली के समक्ष श्री शनिचर थान ट्रस्ट द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध अपील प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि जिला आयोग के समक्ष श्रीमती सुनीता शर्मा ने परिवाद प्रस्तुत किया था , जिसमें उन्होंने बताया कि अपनी बेटी की शादी के लिए ट्रस्ट परिसर का नोहरा एवं हॉल 25000 रूपए अग्रिम देकर फरवरी 2020 में बुक करवाया था।

शादी मई 2021 में होनी थी तथा बाद में विपक्षी की मांग पर एक लाख 18 हजार रुपए चेक के जरिए जमा करवाए गए।

कोविड-19 कोरोना महामारी के प्रसार के कारण लॉकडाउन हो गया तथा कुछ नियंत्रण लगा दिए गए इस कारण शादी कुछ समय के लिए रोक दी गई। बाद में नई तारीखें एक व दो मई 2021 तय की गई तथा पुन: कोविड की दूसरी लहर के कारण राज्य सरकार ने परिपत्र जारी कर प्रतिबंध लगा दिया।

इस परिपत्र में यह भी उल्लेख किया था कि किसी ने विवाह , हॉल के लिए राशि जमा करा दी है तो उसे पूरी राशि वापस कर दी जाएगी।

परिवादिया ने जमा राशि वापस करने के लिए निवेदन किया परंतु 25000 ही रिफंड की गई, शेष जमा राशि नहीं लौटाई। जिला आयोग ने परिवादिया का परिवाद स्वीकार किया।

आयोग के निर्णय के विरुद्ध ट्रस्ट ने राज्य आयोग के समक्ष अपील प्रस्तुत करते हुए जिला आयोग के निर्णय को अस्वीकार करने की प्रार्थना करते हुए बताया कि परिवादिया द्वारा निर्धारित समारोह के समय किसी तरह का प्रतिबंध नहीं था।

परिवादिया ने बुकिंग निरस्ती का कोई नोटिस भी नहीं दिया।

बुकिंग फॉर्म की पुश्त पर लिखी गई शर्त के अनुसार केवल सिक्योरिटी राशि लौटने का ही प्रावधान है। परिवादिया द्वारा जमा करवाई गई राशि में से 18000 रुपए जीएसटी की राशि राज्य सरकार के खाते में जमा करवाई गई थी।

अपील में यह भी बताया कि 2021 को राज्य सरकार ने शादी समारोह नहीं करने बाबत कोई गाइडलाइन जारी नहीं की थी ।परिवादिया ने 6 मई 2021 को जारी की गई जिस गाइडलाइन का उल्लेख किया है , वह इस मामले में लागू नहीं होती है , क्योंकि शादी एक व दो मई 2021 को थी।

परिवादिया ने ट्रस्ट की शर्त स्वीकार किया था तथा राशि नॉन रिफंडेबल थी।अपील स्वीकार करने की प्रार्थना की।

बहस के दौरान यह परिवादिया की ओर से बताया गया की 29 अप्रैल 2021 की गाइडलाइन में 50 व्यक्तियों की सहभागिता को स्वीकृत किया गया था। 6 मई 2021 का आदेश राज्य सरकार ने आदेशों की निरंतरता में जारी किया है जिसमें मैरिज गार्डन को एडवांस राशि वापस लौटने के आदेश दिए गए थे।

राज्य आयोग ने गाइडलाइन के अनुसार 50 व्यक्तियों की शादी में सम्मिलित होने की छूट दी गई । इसी कारण से परिवादिया ने समारोह को स्थगित किया था।

आयोग ने परिवादिया के तर्क को उचित मानते हुए जिला आयोग के निर्णय में संशोधन करते हुए जीएसटी की राशि को वापस दिलाने को उचित नहीं मानते हुए 118000 के स्थान पर एक लाख की राशि पर परिवाद प्रस्तुत किए जाने की तिथि से 6 फीसदी की दर से ब्याज दर के अनुसार 2 माह की अवधि में भुगतान करने का आदेश पारित किया।

अपीलार्थी की ओर से हिमांशु सोलंकी अधिवक्ता एवं परिवादिया की ओर से महेंद्र पारीक अधिवक्ता उपस्थित हुए।

साइबर फ्रॉड मामलों में 30 लाख रिफंड कराए

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर जिला ग्रामीण पुलिस ने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए एक तरफ आमजन के लिए गाइड लाइन जारी की है वहीं पुलिस द्वारा गत साल 82 साइबर फ्रॉड की शिकायतों का निस्तारण कर 30 लाख से ज्यादा की रकम को भी रिफण्ड कराया है। साइबर फ्रॉड की अब तक 259 शिकायतें ग्रामीण पुलिस के पास में आई है। साइबर फ्रॉड की रकम रिफण्ड करवाने वाले पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत भी किया गया है।

ग्रामीण पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने बताया कि साइबर सैल, जोधपुर ग्रामीण द्वारा वर्ष 2025 में 82 साइबर फ्रॉड की शिकायतों में कुल 30,31,091 (तीस लाख इकतीस हजार इक्रानवे) रूपए तथा अब तक कुल 259 साइबर फ्रॉड की शिकायतों में कुल 96,50,596 (छियानवे लाख पचास हजार पांच सौ छियानवे) रूपये की राशि पीड़ितों को रिफण्ड करवाई।

एसपी ग्रामीण टोगस ने बताया कि साइबर सैल, जोधपुर ग्रामीण द्वारा वर्ष 2025 में साइबर फ्रॉड की शिकायतों में लगभग 1.23 करोड़ (एक करोड़ तेईस लाख) रूपए की राशि विभिन्न खातों में होल्ड करवायी गयी हैं। इसके अलावा कुल 138 गुमशुदा मोबाइल जिनकी कुल कीमत लगभग 19 लाख (उन्नीस लाख) रूपये हैं, बरामद कर पीड़ितों को सुपुर्द किए गए।

एसपी टोगस ने बताया कि साइबर सैल ग्रामीण ने वर्ष 2025 में विभिन्न अभियानों के तहत जिला जोधपुर ग्रामीण में 17 साइबर संदिग्ध व्यक्तियों को 170 बीएनएसएस में गिरफतार किया गया व 03 व्यक्तियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की। 325 स्थानों पर साइबर जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। साइबर फ्रॉड शिकायतों में लिप्त अब तक कुल 2311 मोबाइल सिम ब्लॉक करवाने भेजे गए है।

साइबर अपराध रोकने व पीड़ितों को राहत प्रदान किए जाने वाले पुलिस कर्मी साइबर सैल के हैड कांस्टेबल मोहनराम, कांस्टेबल पुखराज, दयालसिंह को पुरस्कृत किया गया।

प्रशिक्षण शिविर

बालोतरा, (निसं)। आर्य समाज गांधीपुरा एवं महिला आर्य समाज गांधीपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित नारी शक्ति को समर्पित सात दिवसीय प्रांतीय कन्या व्यक्तित्व विकास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सिवांची मालानी क्षेत्रीय तेरापंथ संस्थान, असाडा रोड, में हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मदन प्रजापत रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं विशिष्ट आतिथ्य पूर्व जिला प्रमुख बाडमेर प्रियंका मेघवाल, पूर्व प्रधान भगवत सिंह राठौड, जसवंत गोगड (अध्यक्ष लघु उद्योग मंडल बालोतरा), बाबूलाल गहलोत (अध्यक्ष माली सैनी विकास समिति बालोतरा), मूलाराम सांखला उपाध्यक्ष अन्य पिछडा वर्ग कांग्रेस), पवन गर्ग अध्यक्ष रोटरी क्लब बालोतरा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक देवाराम प्रजापत,कैलाश गर्ग, चंपालाल संदेशा (संयुक्त सचिव माली संस्थान जोधपुर), ईश्वर सिंह चौहान (पूर्व सरपंच), श्रवण सुदेशा (नगर अध्यक्ष कांग्रेस), सेवादल सचिव अमरा राम सुदेशा, ओमप्रकाश बांठिया (चार्टर्ड अकाउंटेंट), भंवरलाल आर्य का रहा।

जार सदस्यों ने ज्ञापन दिया

जोधपुर, (कासं)। नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट इंडिया (एनयूजेआई) से संबद्ध जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) की जोधपुर इकाई ने शुक्रवार को संभागीय आयुक्त डॉ प्रतिभा सिंह एवं जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधीन सूचना केंद्र की दूसरी मंजिल पर स्थित सभागार को रजिस्टर पत्रकार संगठनों एवं गैर पेशेवर कला, साहित्य एवं संस्कृति को समर्पित संस्थाओं को कार्यक्रमों के लिए निशुल्क उपलब्ध करवाने की मांग की है। संभागीय आयुक्त व जिला कलक्टर ने आश्वस्त किया कि वे इस संबंध में सकारात्मक समाधान के प्रयास करेंगे।

जार के प्रदेश महासचिव सुरेश पारीक व जोधपुर जिलाध्यक्ष सैयद मुनव्वर अली के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि हाईकोर्ट रोड पर स्थित राजस्थान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अधीन सूचना केंद्र की दूसरी मंजिल पर सभागार (हाल) स्थित है, जो एक दशक पूर्व तक पत्रकार संगठनों के साथ ही गैर पेशेवर और कला, साहित्य व सांस्कृतिक संस्थाओं को नि:शुल्क उपलब्ध करवाया जाता था। जहां इस सभागार के साथ ही इसके बाहर की गैलेरी में रजिस्टर्ड संस्थाओं द्वारा 'प्रेस से मिलिए' विचार गोष्ठियां, पत्रकारों के लिए कार्यशाला और आमजन के लिए नि:शुल्क कला, साहित्य व सांस्कृतिक आयोजन हुआ करते थे, लेकिन 7 सितंबर 2017 को सूचना केंद्र की ऊपरी मंजिल को जोधपुर जिला प्रशासन ने अपने अधीन ले लिया और वहां पर पाक नागरिक विस्थापितों का कार्यालय शुरू कर दिया गया, जो वर्तमान में भी संचालित किया जा रहा है।

ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल में जार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष केडी इसरानी, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, मुकेश श्रीमाली एवं कार्यकारिणी सदस्य तथा टु इण्डिया के प्रधान संपादक रंजन दैया (पीपा क्षत्रिय)व गुलाम मोहम्मद , दानिश अली सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

पुनर्गठन पर आपत्ति जताई

जालोर, (नि.सं.)। जालौर जिले के पंचायत समिति भाद्राजून के हाल ही में किए गए पुनर्गठन को लेकर ग्राम नया रामा के ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामवासियों ने नया रामा को गलत तरीके से वार्ड संख्या 2 में जोड़े जाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा और वार्ड संख्या 3, ग्राम पंचायत रामा में शामिल करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि नया रामा को पंचायत समिति भाद्राजून के पुनर्गठित वार्ड संख्या 2 में जोड़ दिया गया है, जबकि भौगोलिक, सामाजिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से यह गांव ग्राम पंचायत रामा से जुड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि वार्ड संख्या 2 की जनसंख्या लगभग 8010 है, जबकि वार्ड संख्या 3 की जनसंख्या मात्र 3585 है, ऐसे में जनसंख्या संतुलन की दृष्टि से भी नया रामा को वार्ड संख्या 3 में शामिल करना उचित है।

ग्रामीणों ने दूरी का हवाला देते हुए बताया कि ग्राम रामा से नया रामा की दूरी मात्र 0.25 किलोमीटर है, जबकि वार्ड संख्या 2 के मुख्य गांव भोरडा से नया रामा की दूरी करीब 9 किलोमीटर है। वहीं उसी वार्ड के गांव मोतीसरी एवं नीलकंठ की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है, जिससे प्रशासनिक कार्यों एवं जनसुविधाओं में भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नया रामा पूर्व में रामा गांव का ही हिस्सा था। बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा के कारण कुछ परिवार अलग स्थान पर बस गए, जिससे नया रामा गांव अस्तित्व में आया, लेकिन आज भी सामाजिक एवं पारिवारिक संबंध रामा गांव से ही जुड़े हुए हैं।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से मांग की कि जनहित को ध्यान में रखते हुए ग्राम नया रामा को पंचायत समिति भाद्राजून के वार्ड संख्या 2 से हटाकर वार्ड संख्या 3, ग्राम पंचायत रामा में जोड़ा जाए।

इस अवसर पर सरोज चौधरी कांग्रेस नेता सवाराम पटेल कांठोस जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल पूर्व जिलाध्यक्ष भंवर लाल मेघवाल आम सिंह परिहार नेमाराम, हीराराम, , हेमाराम, डायाराम, वेलाराम, जीवाराम, भभूतराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

भाजपा मंडल उम्मेदाबाद का कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। भाजपा मंडल उम्मेदाबाद के मांडवला स्थित मंडल कार्यालय में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रवींद्र सिंह बालावत के प्रथम बार मंडल कार्यालय मांडवला में आने पर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मंडल संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष गणपत सिंह बगेडिया के जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जन्मदिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रवींद्र सिंह बालावत का साफा पहनाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। अपने संबोधन में बालावत ने कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की एकजुटता से ही संभव है। उन्होंने मंडल स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए आगामी समय में संगठन को और मजबूत करने का आहवान किया। वहीं जन्मदिवस समारोह के दौरान गणपत सिंह बगेडिया को कार्यकर्ताओं ने केक काटकर शुभकामनाएं दीं। बगेडिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बडी ताकत हैं और वे सदैव संगठन व समाज के हित में कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक विषयों, जनहित के मुद्दों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। मंडल कार्यालय में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और सौहार्द का माहौल बना रहा। इस मौके पर नाथू सिंह जी बालावत, कल्याण सिंह पडिहार, कसनाराम प्रजापत, सुरेश गर्ग सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी एवं बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद एवं संगठन की मजबूती के संकल्प के साथ किया गया।

बागरा में रोगियों का हो रहा उपचार

जालोर, (कासं)। आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को बागरा में आयोजित किए जा रहे शल्य चिकित्सा शिविर में लोगों का आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति काफी रूझान देखने को मिला। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने आयोजित शिविर का निरीक्षण किया एवं उपचाररत भर्ती मरीजों से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम पूछी एवं साथ ही उन्होंने शिविर की चिकित्सा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। शिविर प्रभारी डॉ. रामेश्वर प्रसाद गौतम ने बताया कि अभी तक बहिरंग रोग विभाग में 4250 रोगियों को उपचार प्रदान किया जा चुका है। शल्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भरत सुथार ने बताया कि अंतरंग रोग विभाग के अन्तर्गत वर्तमान में 122 रोगियों का उपचार चल रहा है। पंचकर्म चिकित्सा के अन्तर्गत डॉ. सांवलाराम सुथार एवं डॉ. नरेन्द्र परमार ने बताया कि वातजन्य व्याधियाँ जैसे संधिवात, कटिशूल, जानुशूल, गृध्रसी इत्यादि का स्नेहन, स्वेदन जानुबस्ति, कटिबस्ति, पत्रपिण्ड स्वेद, अग्निकर्म इत्यादि विधियों के द्वारा किया गया। पंचकर्म रोग विभाग में कम्पाउण्डर सोनु गुर्जर, पदमा गुर्जर, मनीष कुमार, कमल किशोर मीना ने अपनी सराहनीय सेवाएं दी। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. सुभाष शर्मा ने आयुर्वेद में दोषानुसार रोगों के बारें में बताया। जिसके अन्तर्गत कफजन्य रोग यथा- कास, श्वास, मधुमेह, थायराइड, पित्तजन्य रोग यथा- अम्लपित्त, यकृतविकार, दाह एवं वातजन्य व्याधियों के बारें में बताया। शिविर में डॉ. हंसाराम माली निवासी जालोर एवं सुनिता शर्मा निवासी निम्बलाना द्वारा भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। बैरठ सरपंच छैलसिंह राजपुरोहित ने शिविर का अवलोकन किया। शिविर में डॉ. राजेश कुमार राय, डॉ. वगताराम देवासी, डॉ. रितु मीना तथा कम्पाउण्डर जुगल मीना, मनोज मीना एवं परिचारक सुगनलाल, नरबहादुर, जतनो देवी द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की गई।

जम्मूतवी में अत्याधुनिक एलएचबी रैक

जोधपुर, (कासं)। यात्रियों को अधिक सुरक्षित,आरामदायक एवं आधुनिक सुविधायुक्त रेल यात्रा उपलब्ध कराने की दिशा में रेलवे ने साबरमती-जम्मूतवी-साबरमती एक्सप्रेस का संचालन अत्याधुनिक एलएचबी रैक से प्रारंभ कर दिया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि ट्रेन संख्या 19223 साबरमती-जम्मूतवी एक्सप्रेस का संचालन नववर्ष के प्रथम दिन 1 जनवरी से एलएचबी रैक के साथ प्रारंभ किया गया है। वहीं ट्रेन संख्या 19224 जम्मूतवी-साबरमती एक्सप्रेस का संचालन 3 जनवरी शनिवार से एलएचबी रैक के साथ साबरमती के लिए किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि तकनीकी कारणों से इस ट्रेन का संचालन 30 मार्च तक फिरोजपुर कैंट स्टेशन तक ही किया जा रहा है। फिरोजपुर कैंट से जम्मूतवी स्टेशन के मध्य ट्रेन आंशिक रूप से रद्द र